# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- चार दिवसीय छठ महापर्व के अंतिम दिन आज उदीयमान सूर्य को अर्पित किया गया अर्घ्य, छठ घाटों में लोक आस्था, संस्कृति और सामाजिक चेतना का दिखा अनूठा संगम।
- देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण– एसआईआर आज से हो रहा शुरू, मतदाता सूची को किया गया फ्रिज।
- देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र स्थित एचडीएफसी बैंक में 22 सितंबर को हुई डकैती मामले में पुलिस ने 11 अपराधियों को किया गिरफ्तार।
- मौसम विज्ञान केंद्र ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज से चार दिनों तक बारिश की जतायी संभावना, चक्रवाती तूफान मोन्था के कारण राज्य के कई भागों में भारी बारिश की चेतावनी।
- रांची के हर्ष टोप्पो का सब जूनियर नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में हुआ चयन, पंजाब के लिए हुए रवाना।

*****************

सूर्य उपासना और लोक आस्था का महापर्व छठ के चौथे और अंतिम दिन आज सुबह छठ व्रतियों ने उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इसके साथ ही चार दिवसीय महापर्व संपन्न हो गया। इस दौरान पूरे राज्य में लोक आस्था, संस्कृति और सामाजिक चेतना का अनूठा संगम देखने को मिला। गिरिडीह जिले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने अर्घ्य अर्पित किया।

वहीं राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने भी गिरिडीह में भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य दिया। हमारे गिरिडीह संवाददाता ने बताया कि गिरिडीह सेंट्रल जेल में भी कैदियों ने छठ अनुष्ठान किया।

*****************

देशभर के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर आज से शुरू हो रहा है। इसमें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुद्दुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कल नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है।
श्री कुमार ने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। दूसरे चरण में जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर होगी, वहां की मतदाता सूची आधी रात से फ्रीज कर दी गयी है।

इधर झारखंड में निकाय चुनाव होने के बाद एसआईआर होने की उम्मीद है।

*****************

जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नयी जीएसटी दरें लागू किये जाने को बचत उत्सव का नाम दिया था। इलेक्ट्रॉनिक्स पर नई दरें लोगों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही हैं।

*****************

जमशेदपुर महानगर जिला कार्यसमिति भाजपा के सदस्य हेमंत साहू ने भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है।

*****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*****************

हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र स्थित बेंगवरी घाट पर अर्घ्य देने के समय एक छठव्रती मम्पी कुमारी बेहोश होकर गिर पड़ीं जिसके बाद उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार महिला ने जैसे ही नदी में डुबकी लगाई वह गिर पड़ी। उसे तत्काल एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

उधर सरायकेला–खरसावां जिले में कल शाम शहरबेड़ा छठ घाट पर नदी में नहाने उतरे एक ही परिवार के तीन सदस्य गहरे पानी में डूब गए। इस हादसे में 14 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई है, जबकि दो लोगों की तलाश जारी है।

*****************

गढ़वा जिला को आदर्श मॉडल जिला बनाने की पहल शुरू की गयी है। इसके लिए पंचायतों को केंद्र बिंदु बनाकर कई योजनाएं तैयार की गयी हैं।

*****************

देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र स्थित एच डी एफ सी बैंक में 22 सितंबर को हुई डकैती के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, पांच लाख नकद, वाहन, दस मोबाइल और एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं।

वहीं धनबाद शहर के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वे किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। इनके पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

*****************

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने चक्रवाती तूफान मोन्था के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में आज से चार दिनों तक बारिश की संभावना जतायी है। राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कई स्थानों पर भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मध्य झारखंड के कुछ इलाकों में गरज और चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

मौसम विज्ञान केंद्र ने कुछ जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी चेतावनी जारी की है।

*****************

रांची जिले के ओरमांझी प्रखंड के सदमा पंचायत निवासी हर्ष टोप्पो का चयन सब जूनियर नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में हुआ है। हर्ष झारखंड टीम के साथ पंजाब के लिए रवाना हो चुके हैं। हर्ष वर्तमान में स्टार वॉरियर्स फुटबॉल क्लब, चरदी कांके में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

*****************

अखबारों के डिजिटल संस्करण से

रांची से प्रकाशित अखबारों ने अपने डिजिटल संस्करण में एसआईआर के दूसरे चरण की घोषणा को प्रमुखता से शामिल किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आज से एसआईआर।

प्रभात खबर ने लिखा है–मोन्था के भयंकर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने का खतरा।

हिंदुस्तान ने लिखा है–रूसी तेल पर यूएस की सख्ती का असर, प्रतिबंधों का पालन करने को तैयार भारतीय कंपनियां।

*****************